**प्रेस नोट**

**जनपद सीतापुर**

# शातिर चोर गिरफ्तार, चोरी की मोटरसाइकिल बरामद

**दिनांक:03.08.2026**

पुलिस अधीक्षक सीतापुर श्री अंकुर अग्रवाल द्वारा जनपद में चोरी/नकबजनी की घटनाओं को गम्भीरता से लेते हुए सर्वसंबंधित को घटनाओं को रोकने व अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है।

उक्त दिये गये निर्देश के क्रम में क्षेत्राधिकारी बिसवां श्री हर्षित चौहान के निकट पर्यवेक्षण में थाना बिसवां पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए चोरी की एक अदद मोटरसाइकिल के साथ 01 अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई है।

आज दिनांक 03.08.2026 को थाना बिसवां द्वारा चन्दन महमूदपुर नहर पटरी के पास से अभियुक्त **मुनेन्द्र** को बिना नंबर प्लेट की सुपर स्पलेंडर मोटरसाइकिल के साथ हिरासत में लिया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण:**

मुनेन्द्र पुत्र स्व0 स्वामीदयाल **निवासी:** ग्राम हसनापुर, थाना पिसावां, जिला सीतापुर

**बरामदगी:**

1. **01 अदद मोटरसाइकिल:** सुपर स्पलेंडर (ई-चालान ऐप से सर्च करने पर वास्तविक रजिस्ट्रेशन नं. **UP 31 AJ 2033** पाया गया)

**पूछताछ:**

अभियुक्त मुनेन्द्र ने कड़ाई से पूछताछ में स्वीकार किया कि उसने यह मोटरसाइकिल करीब 6 माह पूर्व काजीकमालपुर बाजार (थाना इमलिया सुल्तानपुर) से चोरी की थी और पकड़े जाने से बचने के लिए इसकी नंबर प्लेट तोड़कर फेंक दी थी।

जांच में पाया गया कि उक्त मोटरसाइकिल के संबंध में थाना इमलिया सुल्तानपुर पर पूर्व से ही चोरी की शिकायत दर्ज है। अभियुक्त के विरुद्ध थाना बिसवां पर धारा **35(1)ड BNSS** व **317(2) BNS** के तहत विधिक कार्रवाई कर चालान न्यायालय किया जा रहा है।

**पंजीकृत अभियोग**

203/2026 धारा 35(1)e BNSS व 317(2) BNS थाना बिसवां सीतापुर

**आपराधिक इतिहास मुनेन्द्र –**

मु0अ0सं0 26/2021 धारा 120-B, 419, 420, 467, 468, 471 भा0द0वि0 थाना पिसावां

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1-प्र0नि0 रामराघव सिंह थाना बिसवां सीतापुर

1- उ0नि0 सुधाकर सिंह थाना बिसवां सीतापुर

2-हे0का0 अमरेन्द्र द्विवेदी थाना बिसवां सीतापुर

3- का0 आकाश कुमार  थाना बिसवा जनपद सीतापुर

4- का0 विवेक कुमार थाना बिसवा जनपद सीतापुर

5- का0 मो0 कासिम थाना बिसवा जनपद सीतापुर

